दसवाँ अंक
जनवरी से मार्च, 2021

रेलटेल
RAILTEL

# रेलटेल गतिविधियाँ

## रेलटेल बनी एक सूचीबद्ध कंपनी




दिनांक 26.02.2021 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में रेलटेल के आईपीओ लिस्टिंग समारोह के दौरान रेलटेल के सीएमडी श्री पुनीत चावला घंटा बजाकर लिस्टिंग का सूत्रपात्र करते हुए। 26.02.2021 का दिन रेलटेल के लिए ऐतिहासिक दिन रहा हे क्योंकि रेलटेल ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में एक सूचीबद्ध कंपनी के रुप में यात्रा प्रारंभ की है।

## सीएमडी, रेलटेल की Indianinfoline.com के साथ वार्ता



26.02.21 को Indianinfoline.com के संपादक के साथ एक वार्ता में श्री पुनीत चावला, सीएमडी/रेलटेल ने कहा "रेलटेल ने भारत के सभी रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई–फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने का उत्तरदायित्व लिया है। उन्होंने रेलटेल के बिजनेस मॉडल और इसके प्रमुख ग्राहकों के बारे में अवगत कराया।

## "सीएनबीसी आवाज" टीवी चैनल पर सीधी वार्ता करते हुए सीएमडी/रेलटेल







03.03.2021 को प्रातः 10.30 बजे श्री पुनीत चावला, सीएमडी/रेलटेल, सीएनबीसी आवाज पर सीधी वार्ता करते हुए। उन्होंने रेलटेल के शेयर बाजार में पदार्पण के बारे में बातें की। श्री पुनीत चावला, सीएमडी/रेलटेल ने सीएनबीसी आवाज के साथ रेलटेल के बिजनेस, गारन्टिड राजस्व और वर्तमान ऑर्डर बुकिंग के बारे बातचीत की।

# रेलटेल के शेयर का ऊँची उड़ान भरना जारी



RailTel shares soar 28% on debut

SUNDAR SETHURAMAN
Mumbai, 26 February

Shares of RailTel Corporation of India (RailTel) rose 28 per cent during their trading debut on Friday despite a sharp sell-off in the market. The stock ended at ₹120.6, up ₹26.6, or 28.3 per cent, over its issue price of ₹94. The stock touched a high of ₹128 and a low of ₹101 on the NSE, where over ₹1,500 crore worth of shares changed hands.

At the closing price, the state-owned telecom infrastructure provider will have market capitalisation of ₹3,896 crore.

Railtel's IPO had garnered 42 times subscription and attracted over nearly 2.4 million retail applications.

Puneet Chawla, chairman and managing director, RailTel said, "We are overwhelmed with the response from the market. We would make all out efforts to keep the investor confidence high."

The IPO was handled by ICICI Securities, IDBI Capital and SBI Capital.

The issue comprised of secondary share sale by the government. Following the IPO, the government's stake will decline from 100 per cent to 72.8 per cent. Through the IPO, the government raised about ₹820 crore.

"The company has a strong financial position (debt free) and has been consistently paying dividends since 2008. There are no listed peers for the company.

01.03.2021 को मार्किट के कुछ सौ प्वाइंट्स गिरावट के बावजूद, स्टॉक मार्किट में रेलटेल के शेयर ने पहले दिन ही ऊँची छलांग लगायी जिसका उल्लेख समाचार पत्रों में भी किया गया था।

# रेलटेल की स्टॉक मार्किट में एक माह की यात्रा




26.3.2021 को रेलटेल ने अपनी आईपीओ लिस्टिंग की यात्रा का एक माह पूरा किया। एक माह की अवधि के दौरान, **क)** ईश्यू 42 गुणा अधिक सब्सक्राइब हुआ, **ख)** मार्किट में गिरावट के बावजूद एक प्रीमियम दर पर सूचीबद्ध, **ग)** निवेशकर्ताओं को 100 प्रतिशत रिटर्न दिया, **घ)** वर्तमान में ईश्यू मूल्य से 36 प्रतिशत पर ट्रेडिंग कर रहा है और **ड़)** एक माह में 400 करोड़ रु. का वर्क ऑर्डर प्राप्त किया।

# सीएमडी/रेलटेल की चेयरमैन एवं सीईओ, रेलवे बोर्ड के साथ शिष्टाचार भेंट



09.03.2021 को सीएमडी/रेलटेल श्री पुनीत चावला, रेलटेल की आईपीओ गतिविधियों में प्रोत्साहित करने के लिए श्री सुनीत शर्मा, चेयरमैन एवं सीईओ/रेलवे बोर्ड का आभार व्यक्त करते हुए।

# रेलटेल का सिक्युरिटी ऑपरेशन सेंटर (SOC)

12.03.2021 को श्री पुनीत चावला, सीएमडी, रेलटेल ने निदेशक/एनपीएम, निदेशक/वित्त और रेलटेल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में रेलटेल के सिक्युरिटी ऑपरेशन सेंटर (SOC) का उद्घाटन किया। सिक्युरिटी ऑपरेशन सेंटर ग्राहकों को केन्द्रीकृत साइबर सिक्युरिटी और खतरों से रोकथाम की सेवा उपलब्ध कराता है।



सीएमडी, रेलटेल ने अपने संबोधन में उल्लेख किया कि आज के डिजिटल विश्व में डेटा सिक्युरिटी परम प्राथमिकता है। समेकित साइबर सिक्युरिटी घटना रोकथाम और सिक्युरिटी इवेन्ट निगरानी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए रेलटेल ने गुरुग्राम में एक अत्याधुनिक विशिष्ट सिक्युरिटी ऑपरेशन सेंटर स्थापित किया है। रेलटेल सरकारी संगठनों को ऑफसाइट और ऑनसाइट दोंनो सिक्युरिटी सॉल्यूशन्स उपलब्ध कराती है।



रेलटेल के सिक्युरिटी ऑपरेशन सेंटर (SOC) प्रौद्योगिकी स्टैक की आधारशिला सुरक्षा, सूचना और घटना प्रबंधन समाधान है। स्टैक का हिस्सा होने वाली अन्य तकनीकों में एंडपॉइंट डिटेक्शन और प्रतिक्रिया शामिल है जो वास्तविक समय के साथ–साथ फोरेंसिक जांच दोनों के लिए होस्ट स्तर की टेलीमेट्री उपलब्ध कराती है, जिसका नेटवर्क ट्रैफिक विश्लेषण अलर्ट की जांच करने और नेटवर्क में संदिग्ध गतिविधि के बारे में अतिरिक्त संदर्भ प्राप्त करने, पैकेट कैप्चर फोरेंसिक के लिए, मैलवेयर एनालिटिक्स के लिए सैंडबॉक्स, भेद्यता मूल्यांकन उपकरण, वेब एप्लिकेशन और नेटवर्क फायरवॉल, ऑटो टिकटिंग टूल के लिए उपयोग किया जाता है।

## रेल इंडिया एवं एक्सपो 2021




11.03.2021 को श्री पुनीत चावला, सीएमडी/रेलटेल रेल इंडिया कान्फ्रेन्स एंड एक्सपो 2021 में भारतीय रेलों का डिजिटल ट्रॉसफार्मेशन एवं रेलटेल का इसमें योगदान विषय पर संबोधित करते हुए।

## रेलटेल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2021 का आयोजन



08.03.2021 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, वीडियो कांफ्रेंसिंग पर रेलटेल की सभी महिला कार्मिकों के लिए मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीएमडी/रेलटेल ने निदेशक/एनपीएम और निदेशक/वित्त के साथ, संबोधित किया और महिला कार्मिकों की प्रशंसा की तथा आगे उत्कृष्टता के साथ बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।



8.3.2021 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कंपनी द्वारा आयोजित एक विशेष मिलन समारोह के दौरान एक समूह फोटो में रेलटेल की महिला कर्मी।




अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 11.03.2021 को "लिंग संवेदीकरण" विषय पर सभी कार्मिकों के लिए रेलटेल में सुश्री रेणु पी. छिब्बर, आईआरपीएफएस, समूह महाप्रबंधक/प्रशासन/डीएफसीसीआईएल के एक व्याख्यान/परस्पर वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें पैन इंडिया रेलटेल की सभी महिला कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 09 मार्च, 2021को रेलटेल कॉर्पोरेट कार्यालय, ईस्ट किदवई नगर में फॉर्टिस हॉस्पिटल, वसंत कुंज के सहयोग से एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें रेलटेल कॉर्पोरेट कार्यालय की सभी महिला कर्मियों सहित 75 अधिकारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें चिकित्सकों द्वारा स्वस्थ रहने का उचित परामर्श भी दिया गया।

## साइबर थ्रेट (सिक्युरिटी पिटफॉल) पर परिचर्चा






8.3.2021 को आम्ब्रा फाउंडेशन द्वारा आयोजित शी स्पीक कान्फ्रेंस में 'महिलाओं के लिए साइबर थ्रेट (सिक्युरिटी पिटफॉल) विषय पर पैनल चर्चा में भागीदारी करते हुए सीएमडी/रेलटेल, श्री पुनीत चावला।

## विदाई समारोह



31.03.2021 को श्री अशोक कुमार सबलानिया, कार्यपालक निदेशक/डीएनएम को उनकी सेवानिवृति के दिवस पर रेलटेल के अधिकारियों द्वारा भाव–भीनीं विदाई दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/रेलटेल श्री पुनीत चावला, सेवानिवृत अधिकारी को रेलटेल परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

# नव वर्ष, 2021 में आपका अभिनंदन




01.01.2021 को नव वर्ष को अवसर पर, श्री पुनीत चावला, सीएमडी रेलटेल ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपूर्ण रेलटेल टीम को संबोधित किया और उन्हें नववर्ष की शुभकामनायें दी।

# रेलटेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का आयोजन






02.03.2021 को श्री पुनीत चावला, सीएमडी/रेलटेल, रेलटेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

# कोविड–19 की रोकथाम के लिए सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करना




कार्यस्थल को सुरक्षित रखने के लिए रेलटेल सभी आवश्यक उपाय जैसे– नियमित सेनिटाइजेशन, थर्मल स्क्रिनिंग, आवधिक आरटीपीसीआर (RTPCR) जाँचें और सामाजिक दूरी अपना रही है। आओ हम सभी मिलकर कोविड–19 का मुकाबला करें।

# गत तिमाही जनवरी–मार्च 2021 में रेलटेल की उपलब्धियां के मुख्यांश







# रेलटेल ने रेलवे स्टेशनों पर पेड हाई–स्पीड वाई–फाई की योजना प्रारंभ की




4.3.2021 को सरकार की रेलटेल कॉर्पोरेशन (RailTel) ने देशभर के 4,000 से अधिक रेलवे स्टेशनों पर अपनी वाई–फाई सुविधा का मुद्रीकरण प्रारंभ कर दिया है। इस योजना से कंपनी को प्रति वर्ष 15 करोड़ रुपए के अतिरिक्त राजस्व प्राप्ति की संभावना है।

## रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
**(भारत सरकार का उपक्रम, रेल मंत्रालय)**



**कॉर्पोरेट कार्यालय** : प्लेट–ए, छठा तल, ऑफिस ब्लॉक, टॉवर–2, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली–110023
दूरभाष : +91–11–22900600, फैक्स :+91–11–22900699, वेबसाईट : www.railtelindia.com

रेलटेल, कॉर्पोरेट कार्यालय के राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित